भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 67
दिनांक 21 नवम्बर , 2019 / 30 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नया अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन

* 67. **श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में भोगपुरम में एक नये अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के निर्माण का फरवरी, 2015 में अनुमोदन दिया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पुनर्वास कार्यों सहित उक्त विमानपत्तन के निर्माण हेतु अभिनिर्धारित, जारी की गई/जारी की जाने वाली धनराशि कितनी है;
(ग) उन बोलीदाताओं की संख्या कितनी है जिन्होंने उपरोक्त कार्य हेतु अपनी बोली प्रस्तुत की है;
(घ) क्या संविदा/कार्य को अंतिम रूप दिया जा चुका है तथा कार्य सौंप दिया गया है और यदि हां, तो कार्यों को आरंभ किये जाने में विलंब के क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या इस विमानपत्तन को पूरा करने के लिये कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

'नया अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन' विषय पर लोक सभा के दिनांक 21.11.2019 के मौखिक प्रश्न संख्या 67 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार ने विशाखापट्टनम के निकट विजयनगरम जिले में सार्वजनिक उपयोग के लिए भोगपुरम अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण के लिए दिनांक 07.10.2016 को, भोगपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीआईएसीएल) जो कि अब आंध्र प्रदेश एयरपोर्ट्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एपीएडीसीएल) है, को 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन प्रदान किया है।

(ख): मैसर्स एपीएडीसीएल, जो परियोजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल एजेंसी है, ने यह सूचित किया है कि अब तक भोगपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के संबंध में, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास निर्माण कार्यों और हुडको के ऋण पर ब्याज के पुनर्भुगतान के लिए, रु.856.00 करोड़ की धनराशि का निवेश किया जा चुका है।

(ग): तीन बोलीदाताओं नामतः (i) डी.ओ.आई.टी. स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडिया प्रा.लि. (ii) जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड और (iii) जीवीके एयरपोर्ट्स होल्डिंग लिमिटेड ने भोगपुरम में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के लिए अपनी बोलियां प्रस्तुत कीं। मैसर्स जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड ने प्रति यात्री उच्चतम बोली लगाई और इसी कम्पनी ने बोली हासिल की।

(घ): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार, जो इस ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की परियोजना प्रस्तावक है, ने सूचित किया है कि उन्होंने अभी तक परियोजना अवार्ड नहीं की है।

(ड.): किसी हवाईअड्डा परियोजना के निर्माण की समय-सीमा, कार्यान्वयन एजेन्सी द्वारा किए जाने वाले अनेक कारकों जैसे भूमि अधिग्रहण,अनिवार्य अनापत्तियों की उपलब्धता, विकासकर्ता का चयन वित्तीय समापन इत्यादि पर निर्भर करती है तथा भोगपुरम ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के मामले में कार्यान्वयन एजेंसी एपीएडीसीएल है।

*****